श्रीमती सुषमा स्वराज : आप एक्सपंज कर दीजिए, सभापति जी, ये शब्द न शालीन हैं और न शोभादायक हैं। ...(व्यवधान)...

MR. CHAIRMAN: I will expunge it.

श्रीमती सुषमा स्वराज : सदन का माहौल थोड़ा गर्म हो गया है, मैं एक शेर सुनाकर उसको थोड़ा हल्का करूंगी, क्योंकि इतना कुछ बोला गया, उस पर आपत्ति नहीं और मैंने एक शब्द नहीं बोला, उस पर आपत्ति है। तो मुझे एक शेर याद आ गया। आप तो खुद शेर-ओ-शायरी के बहुत शौकीन हैं।

"वो बात सारे फसाने में जिसका जिक्र नहीं,
वो बात उन्हें बहुत नागवार गुजरी है।

सभापति जी, मुझे किसी की नागवारी की परवाह नहीं है, बल्कि मुझे संतोष इस बात का है कि मैंने अपने देश की बात अपने देशवासियों के सामने रखकर अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह किया है। जहां तक प्रोपरायटीज़ का सवाल है, दूसरी तरफ से पग-पग पर प्रोपरायटीज़ का उल्लंघन हो रहा था, मगर किसी ने नोटिस नहीं लिया। मुझे प्रोपरायटी का पाठ बहुत पढ़ाया गया है। सभापति जी, मैं पूछना चाहती हूं, सरदार मनमोहन सिंह जी यहां बैठे हैं, कूटनीतिक जगत से इनका रिश्ता रहा है, क्या डिप्लोमैटिक वर्ल्ड में, क्या कूटनीतिक जगत में आज तक यह हुआ है कि किसी मुल्क का राष्ट्रपति दूसरे मुल्क की धरती पर आकर वहां के मिनिस्टर के स्टेटमेंट का हवाला देकर कमेंट करे? यह आगरा में हुआ। क्या यह हुआ है कि किसी देश का राष्ट्रपति दूसरे

* Expunged as ordered by the chair.

देश की धरती पर खड़े होकर, वहां की एक महिला पत्रकार को वोमैन कहकर मुखातिब करे? यह आगरा में हुआ। क्या प्रोवोकेशन थी? क्योंकि उस बेचारी महिला पत्रकार ने किसी से एक सवाल उन्हें मैन कह करके, मैन एड्रेस करके पूछा था, इसलिए दो बार उसे वोमैन कह कर उन्होंने उसका हिसाब चुकता किया। लेकिन एक शब्द प्रतिवाद का किसी के मुंह से नहीं निकला। जो जी में आया बोल कर, वह हमें फ्रीडम ऑफ़ प्रैस का पाठ पढ़ा कर पाकिस्तान चले गए। वहां जा कर बोले कि गलती क्या है, आयेंगे जब हिन्दुस्तान के वजीरे आजम तो मैं अपनी पूरी प्रैस को उनके सामने बैठाऊंगा और कहूंगा कि इनसे बातचीत करिए। वह जरूर बैठायेंगे, वायदे के पक्के हैं, जरूर बैठायेंगे, लेकिन देखने की बात यह है कि उनमें से कितने लोग अगले दिन चीफ रिपोर्टर से सब-एडीटर बन करके अपने घरों में बैठ जायेंगे। डेस्क भर जायेंगे, ब्यूरोज़ खाली हो जायेंगे। एक बेचारा नवा-ए-वक्त का चीफ रिपोर्टर मसूद मलिक एक सवाल पूछने का गुनाहगार हो गया। यह है फ्रीडम ऑफ़ प्रैस कि अगले ही दिन, 24 घंटे के अंदर, उसको चीफ रिपोर्टर से सब-एडीटर बना कर बैठा दिया गया। चलिए, प्रेसीडेंट की बात मैं नहीं करती। वह तो पाकिस्तान के सर्वशक्ति सम्पन्न व्यक्ति हैं, लेकिन पाकिस्तान के प्रवक्ता, एक मामूली सरकारी अधिकारी आपकी सरज़मीन पर खड़े होकर इनविज़िबल हैंड का आरोप लगा कर चले गए। किसी के मुंह से प्रतिवाद का एक शब्द नहीं निकला। उल्टे उनके वाक्य को सत्यवादी हरीश चन्द्र का वाक्य मानकर सब इनविज़िबल हैंड ढूंढने में लग गए। वह अदृश्य हाथ कौन सा है? किसी को कोई हाथ नज़र आ रहा था और किसी को कोई हाथ नज़र आ रहा था। मेरे लिए तो मुझे हैरानी हुई कि मेरे आदाब का अंदाज़ भी कुछ लोगों को इंप्रोपर लगा। मैं हैरान हूं सभापति जी, 'आदाब' क्या पाकिस्तानी पेटेंट है? अरे यह तो मेरे मुल्क की तहजीब का हिस्सा है। गंगा-जमुनी तहजीब का हिस्सा है। उन के देश की उपज नहीं है। यहीं से गया है वह आदाब और मेरी तो आदत है, मैं अहलुवालिया जी से मिलती हूं तो उन्हें कहती हूं 'सत श्री अकाल भाजी, मैं मौलाना आज़मी साहब को मिलती हूं तो कहती हूं आदाब भाई जान, मैं विरूम्भी जी को मिलती हूं तो कहती हूं वणक्कम, कोंडैया जी से बात करती हूं तो कहती हूं हेगिदीरी और गलियारे में जब नीलोत्पल बसु से मिलती हूं तो कहती हूं कामरेड, लाल सलाम। सभापति जी, लाल सलाम कहने पर मैं वामपंथी नहीं हो जाती। झुककर आदाब करने से मेरा धर्म परिवर्तन नहीं हो गया, लेकिन कुछ लोगों को यह भी अखरा है और उस की भी चर्चा हुई, उस की भी टिप्पणियां छपीं।

अभी यहां सरदार मनमोहन सिंह बात कर रहे थे 'आउट कम' की जोकि क्रक्स है इस बात का। वह कहते हैं 'आउट कम' क्या हुआ, हासिल क्या हुआ? सभापति जी, कांग्रेस के प्रवक्ता ने हासिल होने पर, आउट कम पर कहा कि हम ने तो ब्लेंक चैक दिया था इन्हें और इन्होंने ह्यूज ओवरड्राफ्ट वापिस कर दिया। सभापति जी, मुझे समझ नहीं आता उन्हें कौन सा ह्यूज ओवरड्राफ्ट दिखाई दे रहा है। सभापति जी, बहुत बार, बहुत भारी-भरकम शब्दों में प्रतिक्रिया करने की लालसा में आदमी इररेलेवेंट बोल जाता है, अप्रासंगिक बोल जाता है। मैं पूछना चाहती हूं कौन सा ह्यूज ओवर ड्राफ्ट वापिस किया हम ने? ताशकंद और शिमला समझौते की तरह जीती हुई जमीनें समझौतों की टेबिल पर लौटाई नहीं हम ने। एक गज जमीन का भी समझौता नहीं किया हम ने। एक इंच अपनी स्थिति से टस-से-मस नहीं हुए, ओवरड्राफ्ट नहीं लौटाया। सच बात यह है कि आप ने ब्लेंक चैक दिया था और आप के चैक का, विश्वास का सम्मान करते हुए पूरे-का-पूरा फिक्स्ड डिपॉजिट हम ने आप को वापिस किया है।

मैंने कांग्रेस अध्यक्षा का बयान पढ़ा जो उन्होंने संसदीय दल की मीटिंग में बोलते हुए दिया कि "The Government lost the focus." हम फोकस से हट गए, सरासर गलत है। अगर हम फोकस से हट जाते, सरदार मनमोहन सिंह जी तो जरूर संयुक्त वक्तव्य जारी हो जाता, जरूर संयुक्त घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर हो जाते, लेकिन भारत के प्रधान मंत्री ने कहा कि वह ड्राफ्ट जिस में सेंट्रलिटी ऑफ काश्मीर तो होगी पर क्रूअलिटी इन काश्मीर नहीं होगी, हमारे देश को मान्य नहीं है। सभापति जी, इस वार्ता का फोकस क्या था? इस वार्ता का फोकस था 'स्टेटस ऑफ काश्मीर' और मैं आप से कहना चाहूंगी जिस समय प्रधान मंत्री यह बात कह रहे थे कि हम तमाम मुद्दों पर बातचीत करने को तैयार हैं समेत जम्मू एंड काश्मीर के, उस समय भी यह स्पष्टता हमारे दिमाग में थी, यह क्लिअरिटी हमारे दिमाग में थी कि We will talk only about the situation in Kashmir and not the status of Kashmir.जहां तक स्टेटस ऑफ काश्मीर का ताल्लुक है, स्टेटस जग-जाहिर है कि काश्मीर भारत का अटूट अंग है और यह बात उन्होंने वहां अपनी प्रेस कांफरेंस में कही 'क्या काश्मीर भारत का अटूट अंग है?' अगर उन्हें अटूट शब्द अच्छा नहीं लगता तो हम कहते हैं कि काश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। अगर अभिन्न अंग भी पसंद नहीं तो हम कहेंगे कि काश्मीर भारत का अविभाज्य अंग है और अगर हिंदी में समझ नहीं आता तो हम कहेंगे कि Kashmir is an integral part of India.

मौलाना ओबैदुल्ला खान आज़मी (झारखंड) : उर्दू में समझाइए न, काश्मीर भारत का एक हिस्सा है।

श्रीमती सुषमा स्वराज : केवल हिस्सा नहीं है, अटूट हिस्सा है। उर्दू वाले समझते हैं और मैं तो आप से कहना चाहूंगी कि प्रधान मंत्री जी ने एक कदम आगे आकर यह कहा कि उन के लिए काश्मीर जमीन का टुकड़ा है, हमारे लिए जिंदगी का हिस्सा है। उस के बाद भी कोई बात बकाया रह जाती है? और यह स्टेटस सुषमा स्वराज या प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने तय नहीं किया है। यह स्टेटस भारत की संसद ने तय कर के दिया है। किसी भी एक व्यक्ति को, किसी भी एक राजनीतिक दल को यह स्टेटस हटाने का अख्तियार हासिल नहीं है। यह स्टेटस है, इसलिए फोकस से हटने का सवाल कहां पैदा होता है। आप ने लोक सभा के भाषण सुने होंगे। चाहे कोई उत्तर से बोला हो, चाहे सुदूर पूर्वोत्तर से, चाहे पश्चिम से बोला चाहे सुदूर दक्षिण से, सारी बातों पर मत-भिन्नता होते हुए भी एक बात पर सब ने सहमति प्रकट की कि काश्मीर भारत का अटूट अंग है। यह है फोकस और मुझे खुशी है कि फ़ोकस से न हम हटे हैं और फोकस से न देश हटा है। इस देश के सौ करोड़ लोग सुर-में सुर मिलाकर कह रहे हैं 'काश्मीर भारत का अटूट अंग है, काश्मीर भारत का अभिन्न अंग है।'

फिर आप बात करते हैं उपलब्धि की। इस से बड़ी उपलब्धि क्या हो सकती है सरदार मनमोहन सिंह जी कि भारत इस समय विन-विन की सिचुएशन में है। उन्हें वार्ता के लिए बुलाकर हम ने यह साबित कर दिया कि हम शांति प्रक्रिया में बाधक नहीं बनेंगे, अगर जरूरत पड़ेगी तो पहल करेंगे। लेकिन बिना कुछ दिए वापिस लौटाकर हम ने यह साबित कर दिया कि हम किसी भी कीमत पर अपने राष्ट्रीय हितों से समझौता नहीं करेंगे। इस से बेहतर और क्या हासिल करना चाहते हैं आप? सच तो यह है, सभापति जी, कि भारत के प्रधान मंत्री ने अपने आचरण से कूटनीति की पाठ्य-पुस्तक में एक नया अध्याय जोड़ा है। He has created a new chapter in the textbook of diplomatic behaviour, जिसका शीर्षक है polite language, tough message, 'भाषा मधुर, संदेश कठोर'। जनरल परवेज़ मुशर्रफ साहब

ज़बान से जितना चाहे बोलकर चले गए हों लेकिन लौटना उन्हें खाली हाथ ही पड़ा, लेकिन भारत के प्रधान मंत्री ने भाषा का संयम और आचरण की गरिमा बरकरार रखते हुए यह संदेश दे दिया कि मौन वाणी से ज्यादा मुखर होता है। यही है इस वार्ता की सफलता, सभापति जी, यही है इस वार्ता की सार्थकता। धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN: Shri S. Ramachandran Pillai...

SHRI PRANAB MUKHERJEE (West Bengal) : Sir, I would like to clarify certain things, as Sushmaji has referred to certain remarks that I had made. I am not a person who disowns his statements spoken from that side, when he comes to this side of the House. And, she has very correctly reported me; but she has completely misplaced the background. Sir, you would recollect, and the representatives of the Government would recollect, that, after the Kargil War, there were two slogans, two demands, of the Government representatives, including the Ministers, that Pakistan must say that they would stop aiding and abetting cross-border terrorism. In my observation, which you have quoted, I said that no country would ever say, "I have stopped aiding and abetting cross-border terrorism. Now, you come to the negotiating table." This is No.1. No.2 is the character of the Government. One of your Cabinet Ministers said, "If there was a democratic Government, then it would have been easier for us to handle the situation. I mentioned, in that context, that in Pakistan, you cannot expect that. I said this very rightly because, during 1958-71 and 1978-88, we had to deal with military regimes. Sushmaji, you have made a comment that you have created an excellent chapter in the history of diplomacy. But, unfortunately, you missed the very word which the Leader of the Opposition used when he raised the word 'legitimacy'. He did not mean 'recognition'; he meant, legitimacy to the assumption of the office of the Presidentship of Pakistan. You said that you had criticised this attempt of Pervez Musharraf, appointing himself as the President of Pakistan. So, you said that you criticised it. And, many people thought that the process of democratisation had stopped there. But, by this exercise, India is one of the countries which has welcomed it; it has accepted it and has recognised it. It is not the recognition of the country; it is not the recognition of the regime. It is the recognition of the office which he holds, which he gave himself, without any constitutional process in that country. Dr. Manmohan Singh talked of legitimisation in that context. You should have understood it. Frankly, Mr. Chairman, Sir, I understand why this Summit failed. If there are Spokespersons like Sushmaji in the Government of India, I can assure you that there will be no success of any summit.

SHRI S. RAMACHANDRAN PILLAI (Kerala): Mr. Chairman, Sir, my party, the Communist Party of India (Marxists), welcomed the summit. We consider that the process of dialogue alone can bring peace and permanent settlement of the outstanding issues between India and Pakistan. Sir, the issues are complex and complicated. It is also a fact that many of the issues are longstanding issues. It is also a fact...

MR. CHAIRMAN: Hon. Members, it is 5.23 now. We will have to sit longer till 6 O' clock, 7 O' clock so that Members can...

SHRI NILOTPAL BASU (West Bengal) : Sir, we decided to sit up to six.

MR. CHAIRMAN: All right. Then, tomorrow also you will have to sit longer because, as decided, the Prime Minister will reply to the debate on Friday at 12 o'clock. So, it should be finished before that. That is what you agreed. ...(*Interruptions*)... The reply is on Friday at 12 O'clock.

SHRI S. RAMACHANDRAN PILLAI: Sir, it was also a fact that the attitude of Pakistan was unifocal. It was also a fact that Pakistan took an intransigent attitude. But the question is whether the Government of India have made enough preparations and formulated a well-thought out strategy and tactics in the entire negotiations. Sir, that also contributed to the breakdown of the Agra Summit. There is a view now raised by certain sections, who are in the NDA, as to why should we continue to have this dialogue because, Pakistan considers what is going on in Jammu and Kashmir is a liberation struggle; that India considers Kashmir is an integral part of India; then, what is the need of these negotiations? And what Pakistan really says is, "Kashmir is the core issue. All issues are related to Kashmir. If there is no agreement on Kashmir, why should we discuss other issues?"

We should continue to discuss all issues. Of course, many issues are there. Kashmir is one of the major issues. The issue of cross-border terrorism is there. Now, India and Pakistan have become nuclear powers. The issue of cultural relations is there. The issue of trade is there. We should discuss all these issues and if we can make some achievement on some of these issues, that will create a conducive atmosphere for finding solutions to the substantive issues. We know the history of other discussions. The Vietnamese and the American discussion went on for years together. We also know the Palestinian issue. This is continuing. So, we should continue the process of dialogue. And this process of

dialogue alone can find a peaceful and permanent solution to the outstanding issues between India and Pakistan.

Sir, the Kashmir issue is a multi-dimensional issue. We should take a multi-track approach to this multidimensional issue. We should discuss with Pakistan. We should discuss with the mainstream political parties of Kashmir; we should discuss with the political parties in India and we should try to come to solution of the outstanding problems between India and Pakistan.

I would like to know from the side of the Government of India whether the Government of India have discussed and evolved a well-thought out strategy and approach with regard to all these issues. What is the perspective of the Government with regard to how to find a solution to this problem? What is the bottomline of the Government with regard to these issues? I don't think that the Government have a well-thought out strategy and a clear-cut perspective on how to find a solution to the entire problem.

Sir, if you look at some of the omissions and commissions of the Government, it shows that the Government do not have a consistent policy. The Government is led by *ad hocism;* the Government is led by casualness. Some of these omissions and commissions also show that there is inconsistency in the whole approach of the Government. If the Government of India had a common approach on all these issues, certainly, India would have attained more gains at the Agra Summit.

Sir, according to us, the most important issue in all these complex and complicated problems is to win over the minds of the Kashmiri people. We all know that it is the Kashmiri people in 1947 who fought against the intruders, instigated by Pakistan. It is the very same Kashmiri people who fought against the "Two-Nation" theory, based on religion. Sir, it is a fact that a section of them got alienated. How to win over them? If you can win over them, no force on earth can do any harm to India. So, what is the attitude of the Government of India with regard to this? I want to know whether the Government of India have any clear-cut perspective as to how to win over them. I don't think, the Government of India have such an approach. If we look at some of the acts of the Government of India, we see a lot of inconsistencies; we see a lot of contradictions; we also see that some of them are working at cross purposes.

Sir, the Jammu and Kashmir Legislative Assembly passed a Resolution asking for autonomy. We may agree or disagree with some of

those points. But, what was the attitude of the Government of India? The Government of India summarily rejected it. Not only the Government of India summarily rejected the Autonomy Resolution; it also expressed its willingness to discuss with the *Hurriyat*. What is the attitude of the *Hurriyat* on many of these issues? Now, it seems that Shri K.C. Pant is discussing that with many of the *Hurriyat* leaders. What is the attitude of the *Hurriyat*? One section of the *Hurriyat* stands for an independent Kashmir. Another section of the *Hurriyat* stands for going with Pakistan. So, we did not discuss it with the Jammu and Kashmir Legislative Assembly, the National Conference and other mainstream political parties, but we expressed our willingness to discuss it with the *Hurriyat*. Whom are we going to strengthen? Are we going to strengthen the forces which consider that Jammu and Kashmir is an integral part of India? No. On the other hand, we are trying to strengthen the forces which are asking for an independent Kashmir, and also for joining with Pakistan.

Sir, this very same attitude the Pakistan High Commissioner also took. They did not invite the National Conference and representatives of the mainstream political parties from Jammu and Kashmir. They only invited the *Hurriyat*. We cannot blame them. The same attitude was taken by the Government of India with regard to autonomy resolution and they held discussions only with the *Hurriyat*. So, without strengthening the mainstream political parties -- whatever may be their opinion, they all consider that Jammu and Kashmir is an integral part of India -- how can you go about? We should try to strengthen them. Without strengthening them, we cannot win over the minds of the Kashmiri people. That is one of the most important aspects. But the Government of India do not have a clear-cut perspective. They speak in different voices. We know what was the earlier stand of the main component of the NDA. I don't know their present stand, but now they are not speaking about those things. Some of the components of the NDA are not at all for having any dialogue with Pakistan. In such a situation, how can you engage in a purposeful dialogue? All these reasons led to the breakdown of the Agra Summit.

Sir, there is also another talk going on, the talk of trifurcation, on the basis of religion. We know who is behind this Jammu and Kashmir National Front. Who is the main force behind that? Why is the Government not coming out that it is opposed to it? We know that some of them who are in the United States of America want to divide; they want to take away a part of India. So, this idea of trifurcation is, in a way, helping the forces

which are trying to divide India. Let us look at the process of the ceasefire or non-initiation of combat operation. The Government made a unilateral declaration in November, 2000. What is the aim of the Government when it declared a ceasefire? Merely by declaring a ceasefire, you can't bring peace. You can't find a solution to any of the problems. You should have followed it up with proper steps. The Government did not do any of these things.

Shri K.C. Pant was entrusted with this work only in April. It seems so from a letter he has sent to us. There was no discussion with any of the parties before that. The Government is not explaining that it discussed this with any of the forces. The Government, unilaterally, announced a ceasefire. There were disagreements within the NDA later, and, hence, they called us. We discussed the matter. Afterwards, the Government decided to extend the ceasefire. Again, the Government took a decision not to extend the ceasefire. All of a sudden, the Government decided to extend an invitation to the President of Pakistan. Nobody was consulted. In the first place, when the ceasefire was announced, nobody was consulted; when there was some difference of opinion within the NDA, they called us. What was the purpose of the Government?

(THE DEPUTY CHAIRMAN in the chair)

Madam, what was expected of the Government when it invited the President of Pakistan? Was it just an attempt to put the Pakistan diplomacy on test? Pakistan accepted the invitation. It was so clear, Madam, that Pakistan was not at all ready to fix the agenda. Pakistan was not at all ready to engage itself in any discussion before. They said that they would discuss any of the issues at the time of the Summit. It seems, the Government of India proceeded on the wrong assumption that the Pakistan President can't return empty handed to Pakistan. That was the reason why the Government allowed this entire media hype.

An impression was created that something was going to emerge out of the Summit. There was another impression being created--issue of a joint document after the Summit. Madam, it is not mismanagement of the media, which is the main issue. The main issue is, the Government of India had no clear-cut perception. They didn't have a collective understanding on how to approach the entire issue. That caused the breakdown of the Agra Summit.

Madam, the External Affairs Minister, immediately after the Summit, issued a statement about the happenings at the Agra Summit. In that statement, he made two important assertions. One assertion was, that the Government of India didn't believe in public relations. The statement said, "As a matter of responsible democracy, we negotiate to improve bilateral relations with our neighbours, not to indulge in public relations." We do not agree with that. In the present world, it is the most important thing to reach out to the people of Pakistan, to reach out to the international community and to mobilise the Indian public opinion. But the Government of India says that that they do not want to reach out to the people. There is also another assertion in that statement, which says, "Keeping in view the confidentiality, we did not go to the Press." There is an implied hint about the Press statement made by the President of Pakistan. We do not agree with this assertion also. It was the Information and Broadcasting Minister who went to the Press and explained the issues that were discussed in the Agra Summit. She did deliberately exclude the name of Kashmir. Now the position of the Government is that she was instructed by the Government. Why was she instructed by the Government to exclude Kashmir? Instead of explaining all issues discussed there, why did she from the Indian side exclude the name of Kashmir in the Press briefings? Actually, this gave a handle to the President of Pakistan to justify his stand. It is not mismanagement but it is the lack of perception on the part of the Government of India, lack of the collective understanding on the part of the Government of India that led to this present situation. Not only that, Madam. After the Summit, of course, there was a statement by the distinguished External Affairs Minister which stated, "We will pick up threads from the Agra Summit and go to other negotiations." But what was the statement issued by the spokesperson of the Ministry of External Affairs? She did not refer to Agra. She referred only to Simla and Lahore. A lot of confusion was created. The next day, the spokesperson again issued a statement. What was the reason for this change in the statement of the Ministry of External Affairs? They said that there were only written agreements in Simla and Lahore and that was why they referred to Simla and Lahore. Madam, a lot of confusion is there in the mind of the Central Government. They do not have any clear perspective of the whole approach and on how to approach the whole issue. That is why at every stage we find differences, conflicts and contradiction. This has created the present breakdown of the Agra Summit. Madam, our approach should be of course, Pakistan took a stubborn attitude a reasonable approach and it

should appear that we are taking a reasonable approach. We are for a genuine solution of the outstanding issues and we stand for friendship between the two countries. We want that friendship between these two countries strengthens. The message that should go to the entire international community is this. Now, a lot of discussion is going on with regard to the structured agenda. We know before the Summit, it was not possible because of the stand taken by the President of Pakistan. Even during the course of the Summit, it was not possible to have an agreed document. Certainly, we should continue our discussions and try to evolve a structured agenda. We are even ready to come to some agreement on a structured agenda. If a new summit is required, certainly, a new summit is required because dialogue alone can find a solution. Dialogue alone can bring peace. Dialogue alone can strengthen the friendship of India and Pakistan. We should also take sufficient steps to protect the innocent Kashmiri people because, now, the militants have started attacking the civilian people and many have died. So, the Government of India should show more vigilance to curb the attacks on innocents in Jammu and Kashmir. With these words, I conclude. Thank you.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Have we decided to sit till 6 O' clock?

SOME HON. MEMBERS: Yes, Madam.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Okay. Now, Dr. Karan Singh.

DR. KARAN SINGH (Delhi): Madam Deputy Chairperson, we are meeting here today to discuss a matter of very grave significance and importance. Therefore, I think, it is essential that we keep before ourselves the gravity and the significance of the event. The Statesman like opening remarks made by my colleague, Dr. Manmohan Singh, set the tone. But, I am sorry, subsequently, there were some attempts made to score polemical points. But, what I will do, Madam, is, I will not go into the other aspects of Jammu and Kashmir. Those are very complex whether it is the internal problem, whether it is autonomy or whether it is the law and order situation. We are discussing today the Agra Summit. An opportunity will come when we can discuss other matters pertaining to Jammu and Kashmir. I would, rather, like to focus my remarks on the Agra Summit.

And, before I do that, I would like to point out that we have got to look, briefly, into the history of Jammu and Kashmir. In fact, I do not say that I am the history I have been associated with the history of Jammu and Kashmir long before we became independent. I remember the State, as it

was during the British times before August 15, 1947. I remember the brief period between August, 1947 and October 27, 1947, when the State was technically independent. I remember the tribal invasion. The point I am making is, ever since independence, Pakistan has made one attempt after the other to break Kashmir away from India. I have been a witness to that. I was there when the tribal invasion took place. I was there when the Mahura Power House fell into the hands of the raiders and the whole of Kashmir plunged into darkness. That resulted then in a war, which took place during the whole of the next fourteen months, culminating on 1st January, 1949 in the ceasefire agreement was brokered by the U.N. The second attempt was in 1965 when I was the Sadar-i-Riyasat, when the infiltrators were sent. President Ayub Khan was ruling in Pakistan then and Shri Lal Bahadur Shastri was our Prime Minister. That, once again, resulted in a war and that war, ultimately, resulted in the Tashkent Agreement, brokered by the Soviet Union. I do remember the 1971 Bangladesh war when there was, again, fighting in Jammu and Kashmir, and now, from 1989 November, down to the present day, there is present an element of militancy and an entire plan is based on poisoning the minds of the people of Jammu and Kashmir and, somehow or the other, breaking them away from India. And this also included the misadventure in Kargil, as a result of which, so many precious lives were lost. Madam, the point I am making is that, because of this historical background, it was very clear to us that the Agra Summit would also willy nilly fail. He will try and concentrate on Jammu & Kashmir. There have been so many twists and turns in the Government's policy. The Government first said, "We will not talk to him because he is a military dictator." After that, they said, "We will not talk until the cross-border terrorism stops." Then, finally, they extended the invitation. Our party welcomed the invitation because we have always been in favour of a dialogue, we have always been in favour of a sane and civilized manner of tackling disputes.

But, for General Musharraf, that invitation came as a *vardan*. जरनल साहब तो तांउम्र मशकूर रहेंगे वाजपेयी जी के, क्योंकि उनका यहां सिर्फ स्वागत नहीं हुआ उनका तो यहां राजतिलक हुआ। पहली बात जो मुशर्रफ साहब ने यह किया कि वहां जो बेचारे प्रेजीडेंट थे, क्या नाम था उनका, किसी को याद होगा, उन्हें निकाला कि तुम घर जाओ, खुद प्रेजीडेंट बने। उसके बाद बाकायदा बड़ी खुशी से आए। ठीक है मेहमाननवाजी का तकाजा है, हम मेहमानों की इज्जत करते हैं लेकिन जिस तरीके से उनका यहां राजतिलक हुआ, जिस तरीके से उन्होंने अपनी धाक यहां जमाई, यह बात हमें याद रखनी है कि what we have, really, done is not only to fully legitimised General Musharraf, but to empower him, as far as his own country and the rest of the world is concerned. This is a point

which is not often mentioned. It is not that we did not want to invite Musharraf. But he was desperate to come any time, anywhere, to any place. And, then, ultimately, when the meeting takes place, he becomes the talk of the world, and we, as a people, cut a sorry figure.

It was handled badly. My esteemed friend, Jaswantji, is not in the House. Maybe, he is listening on the television. I have high regard for him. But I would say that it was badly handled. Let me give you two or three examples, Sir, first of all, we announced that the DGMO would visit Islamabad. I would like the Government to respond to this. The Director General of Military Operations is a senior military officer. We announced unilaterally, "The DGMO will visit Islamabad tomorrow." The next day, a message comes from Islamabad that he need not come. Let him come after the Summit. Is this any way to conduct diplomacy? Is this not getting ourselves into a position where we are shown down, where we are humiliated? The DGMO is not a peon whom you can send anywhere you like. How can you make an announcement like that, without first clearing it with Pakistan? Then, you take the question of *Hurriyat*. You made a big song and dance about the *Hurriyat*. उन्हें बुलाना नहीं चाहिए, उनसे मिलना नहीं चाहिए। या तो हिम्मत होती, आप कहते कि ठीक है हिंदुस्तान एक आजाद मुल्क है जिससे मिलेंगे, मिलें या अगर आप नहीं चाहते थे तो उन्हें बंद करते, कहते कश्मीर से आप नहीं आ सकते, नहीं मिल सकते। लेकिन यह क्या बात हुई कि आप कहते भी रहे कि नहीं मिलना चाहिए, नहीं बुलाना चाहिए फिर भी वे आए, बुलाए गए और मिले भी। क्या इज्जत रही साहब हमारी? I am just giving an example of the amateurish manner in which these sort of important matters were handled.

There is media management. आज पता नहीं क्या बात थी कि बहिन सुषमा जी बड़े गुस्से में थीं। उन्हें या तो पश्चाताप हो रहा था कि उन्होंने बीच में जो बोला उसकी पूरी कद्र नहीं हुई या उनकी लियाकत के बारे में कुछ लोगों को शंका हो गई। बहिन जी बड़ी योग्य स्त्री हैं और अच्छा बोलती हैं। या तो मैडम यह होता कि शुरू से सुषमा जी को वहां लाया जाता और कहा जाता कि आप मीडिया को समझाएं। यह हो सकता है, होना चाहिए। बहुत इम्पोर्टेंट समिट थी इसलिए कोई अधिकृत व्यक्ति होना चाहिए था जो मीडिया के साथ बात करे लेकिन बीच में सुषमा जी आईं, बोलीं हालांकि कोई ऐसी बुरी बात नहीं बोलीं, अच्छा बोलीं, मैं सुन रहा था। आपने सिर्फ यह कहा कि हमारे जम्मू-कश्मीर पर आप बोलना भूल गए बाकी सब याद रहा ...**(व्यवधान)**...

श्री टी.एन.चतुर्वेदी : उसका बचाव किया।

डा. कर्ण सिंह : अगर इन्हें अधिकृत किया जाता, She was the Minister of Information and Broadcasting. She could have been put in charge. 'Managing the media' is not derogatory. We are not talking about bribing

the media or paying the media. What we mean by managing the media is that you have somebody of sufficient stature, of sufficient ability, who will constantly interact with the media. For 48 hours, everybody remained behind parda, except Sushmaji, सुषमा जी पर्दे के बाहर आइं, बाकी तो पर्दे में चले गए। प्रधानमंत्री जी, विदेश मंत्री जी, वित्त मंत्री जी और अन्य सारे के सारे मंत्री गायब रहे और 48 घंटों के लिए जनरल मुशर्रफ को आपने बिल्कुल खुली छूट दी। यह आजाद देश है लेकिन आप कम से कम कुछ तो करते, कुछ तो ऐतराज किया होता। मैंने भी देखा। जो भी पैनल बोल रहा था वह महज जम्मू और कश्मीर की बात कर रहा था। आपको पैनलिस्ट भेजने चाहिए थे जो न्यूक्लियर रिस्क रिडक्शन की बात करते, जो टैरोरिज्म की बात करते, एकानामिक डेवलपमेंट की बात करते। आपने किया ही कुछ नहीं। फिर आप नाराज हो रही हैं। उसके ऊपर ब्रेक-फास्ट की मीटिंग। मैं एक बात पूछना चाहता हूं कि ब्रेक फास्ट की मीटिंग ओवरनाइट नहीं फिक्स हुई होगी। उसकी तैयारी पहले की गई होगी everybody must have known that a breakfast meeting was going to take place. Did you expect that President Musharraf would discuss about weather with the editors? मौसम की बात करते कि कितना हसीन मौसम है, ताजमहल कितना हसीन है, कितना खूबसूरत है। यानी आप को कम से कम इतना पता होना चाहिए था कि जब मेन एडीटर्स से बात कर रहे हैं तो जाहिर है कि वे अपनी बात करेंगे। आपको इसमें दिलचस्पी लेनी चाहिए थी। आप कहते हैं कि आपको पता नहीं था कि वह बोलने वाले हैं। आपको पता ही नहीं है कि वह टेलीवाइज हो रहा है। मान लीजिए, मैं सख्त लफ्जों का इस्तेमाल नहीं करता हूं। लेकिन इस सारे कार्य के मामले में नालायकी, इनएफिसियेंसी है, यह मुझे बहुत दुख के साथ कहना पड़ रहा है क्योंकि हमें बड़ी आशायें थीं, बड़ी उम्मीदें थी।

श्री संघ प्रिय गौतम (उत्तरांचल) : यह शब्द अनपार्लियामेंटरी है, इसे देख लीजिए।

डा. कर्ण सिंह : मैंने किसी को नालायक नहीं कहा। ...**(व्यवधान)**...

श्री एस.एस. अहलुवालिया : आपकी जुबान पर यह शब्द शोभा नहीं देता।

डा. कर्ण सिंह : मैंने किसी को नालायक नहीं बोला मैडम।

उपसभापति : नालायक वर्ड अनपार्लियामेंटरी है। अगर आपको कहना है तो आप नालायक वर्ड मत यूज कीजिए। आप कहें कि वह लायक नहीं है

DR. KARAN SINGH: Madam, I am sorry, if I have hurt anybody ...(*Interruptions*)...

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now, don't discuss the Indian dictionary. ...(*Interruptions*)...Order, please. Dr. Sahib, somebody said "you are telling a lie." This word is unparliamentary. The other person got up and said, "I am sorry, I withdraw it because I was not telling the truth...(*Interruptions*)...

DR. KARAN SINGH: Madam, if the word 'nalayaki' has hurt anybody, I withdraw it, but what I was trying to say was 'inefficiency'. That

was the word I was trying to get. So, it was not a well-handled subject, whether it was the media, whether it was the DGMO question, whether it was the Hurriyat question, whether it was the breakfast meeting question.

Now, I would come to the crux of the matter; and that is, why are we on the defensive, as far as Pakistan is concerned? I would like to raise this point. We are the aggrieved party. We say that Jammu and Kashmir is an integral part of India. सुषमा जी आप सुन रही हैं। जरा थोड़ी सा मेरी ओर ध्यान दीजिए, क्षमा करें, नाराज न हो जाइए। I am saying that the State of Jammu and Kashmir became an integral part of India when my father signed the Instrument of Accession. That is why I said, "I am part of history." That is why Jammu and Kashmir became a part of India. Now, half of the territory of that State is in adverse possesion. The whole of Gilgit and Baltistan areas have virtually been included by Pakistan into it. The PoK is under their control. A large, a considerable area, has been ceded to China. Madam, what I would like to ask is : Why are we on the defensive, when we say that Jammu and Kashmir is not the central and core issue? It is the central and core issue, in the sense that cross-border terrorism concerns Jammu and Kashmir, nuclear risk reduction concerns Jammu and Kashmir, the adverse possession of 50 per cent of the State concerns Jammu and Kashmir. Why are we fighting shy of it? Why should we not take the initiative and tell him about it? Did we raise this question? Did we ask him, what are the views of the people of Gilgit and Baltistan? Did the Prime Minister tell him, "Mr. President, when I come to Pakistan, I want to meet a delegation of people from Gilgit and Baltistan, separately, without your being there?" Did he tell him, "I want to meet a delegation of the MQM to know their views on this issue, without your being there?"

Why are we constantly on the defensive? I do not understand. We are the aggrieved party. We have been constantly under attack for the last 50 years. The 50 per cent of the State, which my father and my ancestors created and for which my father signed the Instrument of Accession, is no longer with us. And, yet, all the time we are running, as if we are the guilty. Madam, I would suggest that a much more pro-active action should be taken in this case. When we are dealing, particularly, with a person of that nature, who is very focused, very aggressive and extremely single-pointed, we have to deal in a different manner. I am not saying that you do not negotiate. Certainly, we must negotiate. We must negotiate on Jammu and Kashmir, on nuclear risk reduction measures, on Siachen, on tourism, on trade, on economics and on the whole Valley; and, if he wants

to talk about Jammu and Kashmir, we should be prepared to talk about Jammu & Kashmir. I am prepared to talk about Jammu and Kashmir. Let him have a dialogue with me on television. I am prepared to take him on. We are constantly missing the wood for the trees. We have no clear-cut ideas as to what we should do.

Madam, unless we take a clear-cut stand, unless we know what we have to do, we will not be able to solve this problem. And I am not talking of aggression. For example, some very, very provocative statements have been made. I won't mention who made the statement. Somebody said, "Let us have a full-scale war with Pakistan." He is a friend of mine; therefore, I won't mention his name. But it is not something which should be said, because we should realise that if there is a war, there can be nothing but disaster and deaths; the whole civilisational development of 5000 years on the sub-continent will be destroyed. We must realise the stakes involved. Therefore, we must be prepared to talk. But we should not allow this gentleman to have his way. He is an impressive man. We met him at the parties. We saw him on television. I was very impressed. We have a military General here also. I was very impressed that a General was able to come across like that. He is a man of war. From his point of view, he did a very impressive job. We must also be prepared to do that. We will have to deal with him now for many years, because हमारा राजलिलक लगाया हुआ है, मुझे लगता है कि कई साल जनरल साहब राज करेंगे और इनके साथ हमें बहुत देर तक बातचीत करनी पड़ेगी। इसलिए ऐसा करें कि हम अपने ज़ेहन को क्लीयर करें।

Let us be absolutely crystal clear in our approach. Let us know what we are going to achieve. And, in any future meeting that may take place, let us be better structured; let us be better mobilised. Let Sushmaji be in charge of the media from the beginning, and not suddenly appear and disappear like in one of those dramatic serials which we see on T.V. बात चलती रहनी चाहिये। जैसे अली सरदार जाफरी ने कहा, "गुफ्तगु बंद न हो, बात से बात चले।" बात चलनी चाहिये, डट कर के बात चलनी चाहिये, निडर हो कर बात करनी चाहिये। सारे हिन्दुस्तान, भारतवर्ष के जो 100 करोड़ लोग हैं, उनकी बेहतरी भी बातचीत में है, पाकिस्तान के लोगों की बेहतरी भी बातचीत में है और सारे बर्रे सगीर के जो लोग हैं, उनकी बेहतरी भी बातचीत में है। मैं यही अल्फाज़ आपके सामने रखना चाहता हूं। धन्यवाद।

उपसभापति : डाक्टर साहब, आपने बड़ा अच्छा भाषण किया। आपने एक बात कही कि एनेलिस्ट्स को सवाल पूछने चाहियें थे। मैंने तो डायरेक्ट मुशर्रफ साहब से कहा कि मेरा काम डेमोक्रेसी का है, मैं 140 कंट्रीज़ की डेमोक्रेसी, आई.पी.यू. की चेयरमैन हूं। मैंने उनसे पूछा कि आप कब डेमोक्रेसी लाने वाले हैं। आपके फॉरेन मिनिस्टर ने वादा किया है कि 2002 तक, हमने एक चिट्ठी जेनेवा में लिखी है कि 2002 तक डेमोक्रेसी आ जाएगी। तो कम से कम हमारे छोड़ने से पहले आ जाए तो हम आपको वैलकम कर सकेंगे।

6.00 P.M.

But, before I do that, there are two important matters. One is the Statement by the Minister, Shrimati Vasundhara Raje. She is to make a statement regarding remote sensing data policy. Because we are short of time, she will lay her Statement on the Table of the House and we will find time on some other day for clarifications.

STATEMENT BY MINISTER

Remote Sensing Data Policy

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SMALL SCALE INDUSTRIES AND AGRO AND RURAL INDUSTRIES, MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF PERSONNEL AND TRAINING, DEPARTMENT OF PENSIONS AND PENSIONERS WELFARE OF THE MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS, DEPARTMENT OF ATOMIC ENERGY AND DEPARTMENT OF SPACE (SHRIMATI VASUNDHARA RAJE): Madam, I beg to lay a statement regarding Remote Sensing Data Policy on the Table of the House.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Let the copies of the Statement be distributed to the Members. Let the Members have a chance to read the Statement. It is a very scientific-oriented statement. It will take some time to understand as it is a very technical issue.

श्री टी.एन. चतुर्वेदी (उत्तर प्रदेश) : इसके क्लैरीफिकेशंस ...**(व्यवधान)**...

उपसभापति : क्लैरीफिकेशंस घर से तैयार करके रखेंगे। आफ द कफ रिमार्क्स थोड़े रखेंगे There is a message from Lok Sabha. Secretary-General.

MESSAGE FROM THE LOK SABHA

The Indian Council of World Affairs Bill, 2000

SECRETARY-GENERAL: Madam, I have to report to the House the following message received from the Lok Sabha signed by the Secretary-General of the Lok Sabha:

"I am directed to inform you that Lok Sabha, at its sitting held on the 8th August, 2001, has adopted the following motion:-